## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 18.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का समापन आज, मुख्यमंत्री सदन को कर रहे हैं संबोधित, राज्य में मनरेगा के प्रावधानों को लागू करने का संकल्प भी सदन से पारित।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक सौ प्लग–एंड–प्ले औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना–भव्या समेत चार अहम प्रस्तावों को दी मंजूरी।
- ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री कल अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक, डीजीपी ने हजारीबाग में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का लिया जायजा।
- हाईकोर्ट ने राज्य में कई संवैधानिक संस्थाओं के लंबे समय से निष्क्रिय रहने पर जताई नाराजगी, कहा–खाली पद जल्द नहीं भरे गए तो कड़े आदेश पारित के लिए स्वतंत्र होगी अदालत।
- खूंटी जिला प्रशासन के समक्ष एक लाख रुपए के ईनामी नक्सली हाबिल मुर्मू ने हथियारों के साथ किया आत्मसमर्पण, लगभग दो दर्जन से ज्यादा उग्रवादी कांडों में था वांछित।

*****************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज समापन हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी सदन को संबोधित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सदन जनता की आस्था का वह मंदिर है जहां जन मानस का अटूट विश्वास बसता है। उन्होनें कहा कि सदन की कार्यवाही में विपक्ष की भूमिका उतही ही वंदनीय है जितनी सत्तापक्ष की। मुख्यमंत्री ने सत्र के दौरान सभी सदस्यों द्वारा संतुलित और मर्यादित चर्चा में भाग लेने के लिए आभार जताया। इस दौरान उन्होंने सदन को सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों से अवगत कराया।

इससे पहले आज सदन की शुरूआत प्रश्नकाल से हुई। इस दौरान आउट सोर्सिंग कंपनियों में मैनपावर, राशन डीलरों के कमीशन में बढ़ोत्तरी और बिजली विभाग में रिक्त पदों को भरने का मुद्दा उठा, जिसका जवाब विभागों के प्रभारी मंत्रियों ने दिया। वहीं, राज्य में मनरेगा को ही लागू रखने का संकल्प पारित किया गया।

*****************

बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण समिति के सदस्यों ने आज झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और झारखंड विधानसभा की महिला और बाल विकास समिति की अध्यक्ष कल्पना सोरेन और अन्य सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक–दूसरे के साथ अपने अनुभवों को साझा किया तथा महिला और बाल विकास के लिए दोनों राज्यों में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली।

*****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने आज नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्यों और विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने राज्य में पार्टी द्वारा संचालित कार्यक्रमों और गतिविधियों से भी अवगत कराया।

*****************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तैंतीस हजार छह सौ साठ करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक सौ प्लग–एंड–प्ले औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना– भव्या समेत चार प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य विश्व स्तरीय औद्योगिक अवसंरचना विकसित करना, विनिर्माण क्षमता को उजागर करना और देश के विकास को गति देना है। उन्होंने कहा कि एक सौ से एक हजार एकड़ के औद्योगिक पार्कों के विकास पर प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

*****************

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि कच्चे तेल की उपलब्धता सामान्य है और तेल शोधक संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और सभी राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी का अतिरिक्त 10 प्रतिशत आवंटन दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में लगभग बारह हजार छापे मारे गए और लगभग पंद्रह हजार सिलेंडर जब्त किए गए।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वरीय पदाधिकारियों तथा सभी जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ कल उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। इस बैठक में आगामी पर्व–त्योहारों के दौरान विधि और शांति व्यवस्था के लिए सभी जिलों में की जा रही तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक को लेकर पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सारी तैयारियों की पूरी रिपोर्ट तैयार रखने का निर्देश दिया गया।

*****************

इधर, पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने आज हजारीबाग में रामनवमी जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैठक कर जिले के पुलिस पदाधिकारियों से सुरक्षा को लेकर किए रहे इंतजामों की जानकारी ली। उन्होंने लोगों से पूरे उमंग और उत्साह के साथ पर्व त्योहार मनाने का आग्रह किया।

*****************

पाकुड़ के उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने आगामी पर्व–त्योहारों को लेकर जिलास्तरीय शांति समीति की बैठक की। उपायुक्त ने त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने लोकायुक्त, सूचना और मानवाधिकार आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों में लंबे समय से खाली पड़े पदों को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश एम एस सोनक और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि चार वर्षों से अधिक समय तक संवैधानिक संस्थाओं को निष्क्रिय रखना गंभीर मामला है। खंडपीठ

ने राज्य सरकार से कहा कि जल्द इन संस्थाओं में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करें, नहीं तो अदालत कड़े आदेश पारित करने के लिए स्वतंत्र होगी।

*****************

खूंटी के उपायुक्त आर रॉनिटा और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो की उपस्थिति में पीएलएफआई के एक लाख रुपए के ईनामी नक्सली और एरिया कमांडर हाबिल मुर्मू ने हथियारों के साथ आज आत्मसमर्पण कर दिया। उसके खिलाफ खूंटी और चाईबासा के विभिन्न थानों में दो  दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज थे। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के प्रभावित होकर नक्सलियों द्वारा  लगातार आत्मसमर्पण किया जा रहा है।

*****************

अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- गढ़वा के मझगांव नगर पंचायत के अध्यक्ष सुमित्रा देवी और सभी पार्षदों का शपत ग्रहण समारोह आज आयोजित हुआ। मौके पर उपाध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में सुमन विश्वकर्मा विजयी रहे।
- खूंटी जिले को बीस पेट्रोलिंग वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने इन वाहनों को थानों को सौंपा और कहा कि इससे जिले विधि व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

*******समाप्त********